दिनांक : 28.04.2026 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी को दी 6 हजार 350 करोड़ की सौगात, दो नई अमृत भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी।
- प्रदेश कैबिनेट ने 26 हजार 800 करोड़ की योजनाओं को दी मंजूरी, पिछड़े वर्ग की छात्रवृत्ति 1550 रुपए से बढ़ाकर 10 हजार रुपये प्रतिमाह की।
- संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया ग्वालियर के विकास कार्यों का निरीक्षण।

और

- सरकार का आश्वासन- देशभर में LPG, PNG और CNG की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य।

---------

पीएम मोदी- वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी में 6 हजार 350 करोड़ रुपये की रेल, सड़क, पर्यटन और शहरी बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को झंडी भी दिखाई। एक बनारस को पुणे के हडपसर से और दूसरी अयोध्या को मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस से जोड़ेगी। इसके साथ ही गंगा नदी पर रेल-सड़क पुल और वाराणसी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन की तीसरी-चौथी रेललाइन परियोजना की आधारशिला भी रखी गई। महिला सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू करना सरकार का प्रमुख लक्ष्य है।

MP कैबिनेट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास और जन-कल्याण के लिए 26 हजार 800 करोड़ रुपये से अधिक की

योजनाओं को मंजूरी दी गई। एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप ने बैठक में लिए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए खास ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग की आगामी पांच वर्षों की विभिन्न निर्माण व नवीनीकरण परियोजनाओं के लिए 26 हजार 311 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। कैबिनेट में एक बड़ा फैसला पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को लेकर भी रहा।

एआई हब

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने आज विशाखापत्तनम में गूगल क्लाउड इंडिया एआई हब की आधारशिला रखी। इस मौके पर श्री वैष्णव ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' के तहत भारत तेजी से वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का भरोसेमंद केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन अब देश का सबसे बड़ा निर्यात उत्पाद बन चुका है।

एलपीजी आपूर्ति आश्वासन

सरकार ने देश भर में घरेलू एल.पी.जी, पी.एन.जी. और परिवहन के लिए सी.एन.जी. की शत प्रतिशत आपूर्ति का आश्वासन दिया है। नई दिल्ली में अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव, सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एल.पी.जी. की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रवासी श्रमिकों के लिए पांच किलोग्राम के निःशुल्क एल.पी.जी. सिलेंडरों की आपूर्ति दोगुनी की गई है।

सिंधिया- ग्लावियर

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज ग्वालियर में वेस्टर्न बाइपास और रेलवे स्टेशन पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। 1,400 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा करीब 28 किमी लंबा 4-लेन वेस्टर्न बाइपास दिल्ली, शिवपुरी और गुना के बीच कनेक्टिविटी बेहतर करेगा और जनवरी 2028 तक बनकर तैयार होगा। वहीं करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से ग्वालियर रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

अमित शाह- ड्रग सरगना पकड़

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार की नार्को सिंडिकेट के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 'ऑपरेशन ग्लोबल-हंट' में बड़ी कामयाबी हासिल की है। कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को तुर्की से वापस लाकर आज दिल्ली के IGI एयरपोर्ट पर हिरासत में ले लिया गया। मुंबई निवासी 59 वर्षीय सलीम डोला के खिलाफ INTERPOL रेड नोटिस जारी किया गया था।

राज्यपाल - जनजातीय विभाग बैठक

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज लोकभवन में जनजातीय कार्य विभाग की बैठक ली। उन्होंने साफ कहा कि जनजातीय बजट सिर्फ तय उद्देश्यों पर खर्च होना चाहिए और लापरवाही करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सर्वाधिक जनजातीय आबादी वाला राज्य है, इसलिए विकास कार्य क्षेत्र केंद्रित हों और विभागों में तालमेल बेहतर हो।

मुख्यमंत्री- हिरदेशाह लोधी के बलिदान दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के जंबूरी मैदान में 1842 की क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह लोधी के बलिदान दिवस पर आयोजित 'शौर्य दिवस' कार्यक्रम में शिरकत की। डॉ. यादव ने उनके गौरवशाली इतिहास को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा की। उन्होंने "1842 की क्रांति के नायक-नर्मदा टाइगर" नामक पुस्तक का विमोचन भी किया और हीरापुर को पुराने गौरव के साथ पुनर्स्थापित करने का संकल्प लिया।

कौशल और रोजगार से जोड़ने की मुहिम

कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल ने आज 'आईटीआई चले हम' प्रवेश 2026 अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह सिर्फ दाखिले की प्रक्रिया नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगार के काबिल बनाने का व्यापक

प्रयास है। उन्होंने ITI में पाठ्यक्रम उद्योगों की जरूरत के हिसाब से अपडेट करने और मैन्युफैक्चरिंग, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में जॉब-ओरिएंटेड कोर्स बढ़ाने के निर्देश दिए।

शराब दुकानों पर अब QR कोड अनिवार्य

प्रदेश में शराब दुकानों पर मनमाने दामों की वसूली रोकने के लिए आबकारी विभाग ने सख्त कदम उठाया है। अब हर शराब की दुकान पर क्यूआर कोड लगाना जरूरी होगा, जिसे स्कैन करते ही ग्राहक के मोबाइल पर उस जिले की असली रेट लिस्ट खुल जाएगी। MRP से ज्यादा या MSP से कम पर बिक्री करने वाले दुकानदारों का लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। आज से पूरे प्रदेश में विशेष 10 दिवसीय जांच अभियान भी चलाया गया है।

मौसम

प्रदेश में गर्मी का जारी है। आज खजुराहो में सबसे ज्यादा 44.8 डिग्री, सीधी में 44.6 और श्योपुर में 44 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। प्रदेश के बड़े शहरों में भोपाल 43.6, जबलपुर 42.7 और इंदौर 42.2 डिग्री पर रहे। भोपाल के लिए यह 10 साल में दूसरा सबसे गर्म दिन रहा है। इससे पहले 30 अप्रैल 2019 को पारा 43.7 डिग्री पर पहुंचा था। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में हीटवेव का अलर्ट जारी कर रखा है।

समाचार संक्षेप में :-

- राज्य शासन ने विंध्य क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए विंध्य विकास प्राधिकरण का पुनर्गठन किया है। पंचूलाल प्रजापति को प्राधिकरण का अध्यक्ष नामांकित किया गया है।

- प्रदेश में शहरी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को 'पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना' में 'सोलर दीदी' के रूप में जोड़ा जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत भोपाल, इंदौर, जबलपुर और सतना से होगी।
- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में आज वार्षिकोत्सव आयोजन किया गया।
- पन्ना में किसानों ने खुद पहल करते हुए पराली जलाने वालों पर एफआईआर दर्ज कराई जिसके तहत 19 किसानों पर दंडात्मक मामले दर्ज किए गए हैं।
- देवास की जिला जेल परिसर में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा "जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया।
- नीमच कलेक्टर ने खनिज के अवैध परिवहन के प्रकरण में बड़ी कार्रवाई करते हुए वाहन मालिक पर एक लाख पैंतालिस हजार दौ सौ पचास रुपये का अर्थदंड लगाया।
- बैतूल कलेक्टर ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रात जनसुनवाई में जनसमस्याओं का निराकरण कराया और दिव्यांग योगेश को ट्राइसिकल उपलब्ध कराई।
- मन्दसौर कलेक्टर ने 3 मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों पर उपल्बध सुविधाओं का निरीक्षण किया।
- शिवपुरी कलेक्टर ने आज जिला स्तरीय ओलम्पियाड सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया।
- आगरमालवा जिला जेल में बंदियों को जल्द न्याय दिलाने के मकसद से विशेष जेल लोक अदालत आयोजित की गई।

नमस्कार

...............................